तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 कराते बेल्ट पाने 120 खिलाड़ियों ने दिलाई परीक्षा



10 पिपरिया स्कूल में लगा बालमेला



# जिले में शीतलहर का प्रकोप नगर पालिका ने की अलाव की व्यवस्था

## कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौसम में आए बदलाव के कारण पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में इन दिनों सुबह-शाम शीतलहर चल रही है। सर्द हवा से दिन में भी ठिठुरन महसूस हो रही है। जिले में शीतलहर की खबर हरिभूमि ने गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस पर प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए बेमेतरा शहर सहित सभी विकासखंडों में नगरपालिका द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। रिक्शा चालकों, दैनिक मजदूरों, आवास विहीन, अदृश्य श्रेणी के निःसहाय व्यक्ति के लिए रैन बसेरा में ठहराने की व्यवस्था की गई है।

**जारी हुए थे निर्देश-** कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने समय-सीमा की बैठक में नगरपालिका अधिकारी को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिले में बीते चार-पांच दिनों से सुबह-शाम सर्दी का अहसास होने लगा है। इसका लोगों की दिनचर्या में भी परिवर्तन हो रहा है। सुबह-शाम शीतलहर महसूस होने से लोग अलाव का सहारा लेने लगे है। गांवों में भी लोगों को जगह-जगह अलाव तापते हुए देखा जा सकता है। शाम होते ही ठंड बढ़ने लगती है।





**जिले में की गई व्यवस्था-** रैन बसेरा बस स्टैण्ड में रिक्शा चालकों, दैनिक मजदूरों, आवास विहीन, अदृश्य श्रेणी के निःसहाय व्यक्ति के लिए व्यवस्था की गई है। वही बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर अलाव जलाई जा रही है। जहां लोग आग तापते देखें जा सकते है। वहीं बेरला के चिन्हांकित जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार जिले के साजा, और नवागढ़ में भी लोगों को सर्दी से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के सुरक्षित स्थलों पर भी अलाव की व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

**बेमेतरा।** एसडीएम सुरुचि सिंह ने गुरुवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांची। इस दौरान उन्होंने रसोईघर की साफ-सफाई भी देखी और बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन का स्वाद चखा। इस निरीक्षण में शहर के पिकरी स्कूल और नवीन प्राइमरी स्कूल के निरीक्षण में एसडीएम ने प्रधानाध्यापक को प्रत्येक दिन मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण व निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा रसोई कर्मचारी डिटर्जेंट से बर्तन धो रहे हैं, क्या वे हाथ धो रहे हैं? उन्होंने रोजाना प्रधानाध्यापक को निरीक्षण करने समझाईश दी। एसडीएम ने अपने निरीक्षण में मध्याह्न भोजन संतोषजनक पाया, परंतु उन्होंने निर्देश दिया गया कि दाल, पानी जैसा न हो और दाल पूरी तरह गली होनी चाहिए। एसडीएम ने दाल की गुणवत्ता और स्कूलों में बोर की आवश्यकता के बारे में बीईओ को निर्देश दिया है।

### कन्या महाविद्यालय में हुआ विविध खेलों का आयोजन



**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर विनीता गौतम ने सभी को खेल भावना के प्रति खेल खेलने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद खेल का आयोजन प्रारंभ किया गया। इसमें कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, बैडमिंटन, जलेबी दौड़, शतरंज सहित इत्यादि खेल का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में जलेबी दौड़ का मनोरम दृश्य देखने को मिला। खेल प्रभारी विवेक कुमार देवांगन, डॉ. स्वाती चंद्रवंशी, सरस्वती चौहान, अंकित कुमार, दीनानाथ सारथी, सूरज कुमार सोनी, अशोक सोनी, सौरभ साहू, डॉ. विमलेश कुमार, डॉ. दिनेश गायकवाड़, अजीत ओगरे, शुभम जैन सहित महाविद्यालय के समस्त छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में प्राचार्य डॉक्टर विनीता गौतम ने कहा कि खेल छात्र जीवन के लिए अति आवश्यक है, जिससे छात्राओं के मानसिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व का विकास होता है।

### राज्यस्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा 24 को

**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर नवागढ़ के तत्वाधान में 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ ओपन चैंपियन ट्रॉफी चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के डायरेक्टर विरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि यह चेस टूर्नामेंट आयोजन का द्वितीय वर्ष है। पिछले वर्ष भी राज्य से दूर-दराज के खेलप्रेमियों ने इस आयोजन में शिरकत की थी। इस वर्ष आयोजित चेस टूर्नामेंट में प्रथम 10 विजेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से ट्रॉफी व सम्मान राशि प्रदान किया जाएगा। विजेताओं के लिए कुल प्राइज फण्ड 41 हजार 704 रुपए उक्त आयोजन के विषय जानकारी देते हुए श्री जायसवाल ने आगे बताया राज्य के सभी चेस प्रेमियों को इस ओपन चेस टूर्नामेंट के लिए आमंत्रित किया है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय पद्धति से आयोजित होगी। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एंट्री शुल्क 350 व अन्य इच्छुक प्रतिभागियों के लिए 500 एंट्री शुल्क होगा।

### तैयारी : कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नियुक्त किए नोडल अधिकारी

# भव्य कार्यक्रम में होगा कृषकों को बोनस राशि का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

25 दिसंबर को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कृषकों के 232 करोड़ 21 लाख 66 हजार रुपये लम्बित बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसी दिन जिले में, ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस भी मनाया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 जिले के चारों विकास खंडों में सबसे ज्यादा बेरला के कृषकों ने धान बेचा था।

**ये बने नोडल अधिकारी-** कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने गुरुवार आदेश जारी कर कार्यक्रम के विकासखण्डवार सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कमलेश मंडावी विकासखंड साजा, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी विकासखंड नवागढ़, अनुविभागीय अधिकारी, सुश्री सुरुचि सिंह बेमेतरा और संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे विकासखंड बेरला कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए है।



### बेरला के कृषकों ने बेचा था सबसे ज्यादा धान

ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में जिले के 71602 किसानों ने 37 लाख 66 हजार 836 क्विंटल धान की लंबित बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। यह राशि 112 करोड़ 97 लाख 51 हजार रुपये है। सबसे ज़्यादा बेरला के 19901 कृषकों को 33 करोड़ 98 लाख 86 हज़ार रुपये का भुगतान होगा। विकासखंड नवागढ़ के 16347 कृषकों को 26 करोड़ 41 लाख 26 हज़ार रुपये से लाभान्वित होंगे। बेमेतरा के 16472 कृषकों को 25 करोड़ 84 लाख 51 हज़ार का भुगतान होगा। इसी प्रकार साजा विकासखंड के 18882 किसानों को 27 करोड़ 72 लाख 88 हज़ार रुपये लंबित बोनस राशि मिलेगी।

### सबसे ज्यादा राशि बेरला के कृषकों को

इसी प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में जिले के चारों विकास खंडो से 72134 किसानों ने 39 लाख 74 हज़ार 716 क्विंटल धान बेचा। जिसकी लंबित बोनस राशि 300 प्रति क्विंटल दर से 119 करोड़ 24 लाख का भुगतान 25 दिसंबर को होगा। इस खरीफ वर्ष में सबसे ज़्यादा विकासखंड बेरला के 19603 किसानों को 34 करोड़ 2 लाख 59 हज़ार रुपये की बोनस राशि मिलेगी। सबसे कम बेमेतरा विकासखंड के 16788 कृषकों को 27 करोड़ 50 लाख 5 हज़ार का भुगतान होगा। वही साजा विकासखंड के 19208 किसानों को 29 करोड़ 36 लाख 11 हज़ार रुपये का बोनस मिलेगा। इसी प्रकार नवागढ़ के 16535 कृषकों को 28 लाख 35 हज़ार 40 हज़ार रुपये लंबित बोनस राशि से लाभान्वित होंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में 71602 धान बेचने वाले और खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में धान बेचन 72134 कृषक लंबित बोनस राशि से लाभान्वित होंगे।

जिले के चारों विकासखण्डों में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कृषकों के लंबित बोनस वितरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला खाद्य अधिकारी/उपसंचालक कृषि /उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं/जिला विपणन अधिकारी नोडल अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न करायेंगे। विकास खण्ड स्तरीय बोनस वितरण कार्यक्रम हेतु चयनित स्थल पर टेंट की व्यवस्था, कुर्सी की व्यवस्था, जलपान व्यवस्था एवं लाईव टेलिकास्ट की व्यवस्था आदि समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग जिला-बेमेतरा के द्वारा संपादित करायी जाएगी।

# स्कूल जाने निकले शिक्षक को मालवाहक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अतरिया स्कूल में पदस्थ था शिक्षक, ग्राम झाल के पास हुआ हादसा

धान से भरे माल वाहक की चपेट में आने से ग्राम झाल के पास मोटरसाइकिल सवार शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविंद्र पिता सालिकराम परसभद्रे 42 वर्ष निवासी वार्ड 11 गंजपारा बेमेतरा नवागढ़ विधानसभा के ग्राम अतरिया सरकारी स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। जो गुरुवार सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान नवागढ़ से बेमेतरा की ओर आ रहे धान से भरे वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार को ग्राम झाल के पास जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मृतक रविंद्र की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### राज्य में कोरोना नियंत्रित पर सावधानी जरूरी : सीएमएचओ

**बेमेतरा।** भारत के केरल राज्य में नए कोरोना वायरस (जेएन-1) के फैलाव होने के कारण स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा सीएमएचओ डॉ. गणेश लाल टंडन ने गाईड लाईन जारी की है। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड बीमारी नियंत्रण में है। अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनेटाईजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेसिंग अपनाये, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। सर्दी, खांसी, बुखार या स्वांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल बेमेतरा में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने हेतु आग्रह किया है।

# उपराष्ट्रपति के अपमान पर भड़के भाजपाई, फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अमर्यादित व्यवहार से नाराज भाजपाइयों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व टीमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका। विरोध-प्रदर्शन के लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शहर के सिग्नल चौक पर इकट्ठा हुए। इंडिया गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपाइयों ने राहुल गांधी व कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका। इस संबंध में पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ एक संवैधानिक पद पर आसीन हैं उनकी मिमिक्री कर अपमान करने के उद्देश्य से अमर्यादित कृत्य किया गया है हैं जो घोर निंदनीय है। इस तरह के घटिया कृत्य करके कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी समेत अन्य सांसद अपने संस्कार को प्रदर्शित कर दिए। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, विजय सिन्हा, प्रह्लाद रजक, विकास तम्बोली, विजय सुखवानी, हर्षवर्धन तिवारी, चंद्रशेखर राजपूत, आकिब मलकानी, बंशी राठी, अशोक शर्मा, राकेश मोहन शर्मा, राजेश शर्मा, गौरव साहू, योगेश वर्मा, ललिता ▶▶| शेष पेज 8 पर

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला करहीभदर चैंपियन

**बालोद।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में करहीभदर मिडिल स्कूल चैंपियन रही। करहीभदर संकुल के अन्तर्गत ग्राम चिरयगोडी में 16 और 17 दिसम्बर को खेल हुए। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करहीभदर के बालक और बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन रहा। कब्बडी में बालिका प्रथम, बालक द्वितीय, खो-खो में बालिका द्वितीय, बालक द्वितीय, रस्सीकासी में बालक प्रथम, बालिका प्रथम, बालक 100 मी लक्ष्य, 400 मी देवेन्द्र, लम्बीकूद थनेश, गोलाफेक आशीष प्रथम, रस्सी कूद प्रथम डोमेन्द्, बालिका वर्ग 100 मी नीलम, 200 मी नीलम, 400 मी गायत्री, लम्बी कूद प्रतिमा, गोलाफेक प्रथम प्रतिमा, रस्सी कूद प्रथम गायत्री, ऊंचीकूद में प्रथम प्रतिमा रही।

# भाजपा नेता ने की कलेक्टर से शिकायत रकबा काटकर की जा रही धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने कहा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ




भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मूलचंद शर्मा एवं भाजपा नेता मनोज वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर से भेंट कर खरीफ फसल का रकबा काटकर धान खरीदी करने की शिकायत की। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि ऐसा कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है।

पिछले वर्ष किसानों का जितने रकबे का धान खरीदा गया था वह यथावत है। किसान मोर्चा के प्रादेशिक नेता मूलचंद शर्मा ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है, लेकिन किसानों की शिकायत है कि सहकारी समितियों में किसानों का धान फसल का रकबा काट दिया गया है और कम मात्रा में धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ऊर्जा संरक्षण जागरूकता के लिए बच्चों ने निकाली रैली

# डीएवी स्कूल जांता में मनाया गया ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी




दाढ़ी से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित डीए जांता में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। प्रति वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाने और ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाता है। इसी कड़ी में क्रेडा विभाग द्वारा 14 से 20 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान बेनर पोस्टर, चित्रकला, स्लोगन, निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली ग्राम जांता में निकाली गई। स्कूली बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से अपने मन के विचारों को ड्राइंग, पेंटिंग, स्लोगन के माध्यम से कागजों पर उकेरा। साथ ही जागरूकता रैली में ग्राम पंचायत जांता के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को विभाग द्वारा सर्टिफिकेट और इनाम भी दिया गया।

इस अवसर पर क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता इंदुभूषण साहू,उपअभियंता खेमराज वर्मा एवं ऊर्जा संरक्षण नोडल अधिकारी अमित कुमार बरेठ एंव अन्य कर्मचारीगण क्रेडा विभाग उपस्थित होकर बच्चों को ऊर्जा संरक्षण व ऊर्जा दक्षता के बारे में विभिन्न जानकारी दी। इस आयोजन में प्राचार्य पीएल जायसवाल के साथ व शिक्षक ललित देवागन, राहुल पटेल, अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, निशु गुप्ता, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार, गोविंद साहू, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, राजा तनतुवे, छोटू राम साहू, मनीषा सोनी, सविता साहू, रेणुका पटेल, रितिका साहू, आरती धीवर, सरिता साहू, सुमित्रा पटेल, दीपिका वर्मा, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू सभी ने पूरे सप्ताह इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

### शीतलहर से बचने स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन जारी

**बेमेतरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के आम जनता से अपील की है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि, मांह दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता शीतलहर का रूप ले लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में निःसहाय, आवासहीन, गरीब, बृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी इत्यादि के ठंड से प्रभावित होने की संभावाना है। जिस संबंध में बचाव हेतू क्या करें या क्या ना करें का दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसमें जितना संभव हो घर के अंदर रहें, अति आवश्यक कार्य हाने पर ही घर से बाहर ▶▶| शेष पेज 8 पर

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने मनाया कन्या जन्मोत्सव

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर के पदाधिकारियों ने बुधवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया। मंच के सदस्यों ने बताया कि संतोषी बाघ और महेंद्र बाघ के यहां पुत्री के जन्म के अवसर को कन्या जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। नवकन्या के पैर धोकर, चंदन का लेप करके, देवी का स्वरूप मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, ऋषि कुम्हार, अन्नपूर्णा कुम्हार, लता छुरा, राधा महानंद, अनुपमा दीप, शांति जगत, लक्ष्मी महानंद, निरंजन बाघ, रूदना बाघ, किसन छुरा, सुशील बाघ, जगन्नाथ महानंद उपस्थित रहे।

### 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधियों ने की हड़ताल



**रायपुर।** फेडरेशन आफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के दवा प्रतिनिधियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। इसमें रायपुर में दो हजार से अधिक मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव काम बंद रखकर हड़ताल पर रहे। हड़ताल पुलिस लाइन नेहरू नगर स्थित दफ्तर के सामने शुरू हुई। रायपुर यूनिट के सचिव मनीष होनप ने बताया कि 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रिप्रेजेंटेटिव हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ में एफएमआरएआई के आव्हान पर सीजी एसएमईयू राज्य संगठन के बैनर तले रायपुर इकाई के 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधि पूर्णरूप से हड़ताल पर रहे।

### सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**रायपुर।** संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया है। नई दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार सांसदों के निलंबन और हमारे लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए 22 दिसंबर शुक्रवार को देशभर में एक दिवसीय विशाल विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में उक्त मुद्दे को लेकर 22 दिसम्बर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक से दी गई मानव अधिकारों की जानकारी

**रायपुर।** मानव अधिकार दिवस सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार के विषय पर आधारित संगोष्ठी में मानव अधिकार पर अधिकारों की जानकारी वक्ताओं ने दी। मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कर्मकार, डॉ. कमल वर्मा, नीता शर्मा, अधिवक्ता विनोद प्रधान थे। कार्यक्रम भारतीय मानव अधिकार जनकल्याण एसोसिएशन, शुभम शिक्षण व कला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान ने नुक्कड नाटक के माध्यम से मानव अधिकारों की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष महुआ मजुमदार ने कार्यक्रम में आए अतिथि एवं सदस्य को आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम में मानव विकास की विभिन्न योजनाएं पर कार्य करने की शपथ भी ली गई।

### कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पीसीसी ने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस कमेटी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया था।

# आंखों के इंतजार में छह सौ पंजीकृत, नए मरीजों की पहचान के लिए दुर्ग जिले में होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

दुनिया देखने के लिए राज्य में करीब छह सौ मरीजों को दान में आंखें मिलने का इंतजार है। ऑपरेशन योग्य नए मरीजों को खोजने के लिए एम्स दिल्ली की टीम नए साल में छत्तीसगढ़ आएगी। केंद्र सरकार की कार्निया ब्लाइंडनेस के खिलाफ अभियान के तहत दुर्ग जिले में सर्वे कर सूची तैयार की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक राज्य में हर साल दो से ढाई सौ लोग नेत्रदान करते हैं। इनमें से पचास प्रतिशत आंखें ही लोगों के जीवन से अंधियारा दूर करने के काम में आती हैं। आने वाले दिनों में प्रत्यारोपण के जरूरतमंदों की सूची और लंबी होने के आसार हैं। भारत सरकार कार्निया ब्लाइंडनेस के शिकार मरीजों की पहचान के लिए अभियान चलाने की तैयारी में है। इसके तहत तमाम राज्यों के एक-एक जिलों का चयन कर वहां विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से क्लस्टर सर्वे करवाकर कार्निया प्रभावित मरीजों की पहचान का प्रयास किया जाएगा।

अंधत्व निवारण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डा. सुभाष मिश्रा ने बताया बताया कि इसके लिए छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले का चयन किया गया है। संभवतः जनवरी में दिल्ली एम्स की टीम यहां आएगी और क्षेत्र विशेष का चयन कर वहां प्रभावितों की पहचान के लिए सर्वे करेगी। इसके लिए करीब दस टीम बनाए जाएगी, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अपना काम करेगी। उक्त टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ साझा करेगी, जिसके आधार पर अंधत्व निवारण अभियान को और तेजी के साथ पूरा किया जाएगा।

## जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध

**खास बातें**

- प्रत्यारोपण योग्य मरीजों की सूची होगी तैयार, दिल्ली एम्स की टीम आएगी
- टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ करेगी साझा



### मोतियाबिंद पायलट प्रोजेक्ट

राज्य में मोतियाबिंद अंधत्व निवारण के लिए पायलट प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के तमाम शासकीय, निजी अस्पतालों और एनजीओ की मदद ली जा रही है। जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य में हर साल इसके लिए एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

# ब्लाक स्तर पर मनाया जायेगा सुशासन दिवस

**इसी दिन किसानों को 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण होगा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय के पश्चात बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के किसानों को 25 दिसंबर को विकासखण्ड स्तर पर सुशासन दिवस मनाकर किसानों 2 वर्ष के बकाया बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। इसकी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का चिन्हांकन, हितग्राहियों को सूचना सहित अन्य गतिविधियों का समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके तहत वर्ष 2014–15 के 87 हजार 115 एवं 2015–16 के 90 हजार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि 2014–15 के लिए 137 करोड़ रूपये एवं 2016–17 के लिए 142 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत, जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा।

इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में मल्यापर्ण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही स्वच्छता अभियान का भी प्रारंभ करेंगे। इसके साथ ही नगरीय निकायों में सुबह विशेष स्वच्छता अभियान एवं अटल संध्या, काव्य पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। लंबित बोनस राशि के संबंध में खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014–15 में धान बेचने वाले कुल 87 हजार 115 किसानों से 4583587.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 137 करोड़ 50 लाख है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015–16 में धान बेचने वाले कुल 90 हजार 262 किसानों से 4737371.50 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 142 करोड़ 12 लाख रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ।

साहू परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के महिलाएं सुसज्जित होकर बहुतायत संख्या में मंगल कलश धारण कर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। आचार्य श्री को रथ पर बैठाकर, डीजे के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम भ्रमण करते हुए, तालाब से जलपूजन कर भागवत पंडाल में प्रवेश किया गया। तत्पश्चात पीठपूजन के बाद व्यासपीठ से आचार्य पं. अनिल शुक्ला बसहा वाले द्वारा भागवत महात्म्य की कथा का व्याख्यान किया गया।

आचार्य ने बताया कि भागवत पुराण की दो दिव्य महिमा है, पहली महिमा भागवत कथा जीवों को जीते जी तारती है तथा दूसरी महिमा यह कथा जीवों को मरने के बाद भी तारने वाली कथा है। इस संदर्भ में उनके द्वारा पद्म पुराण में वर्णित प्रमाणित कथा प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

जब भक्ति महारानी अपने पुत्र ज्ञान व वैराग्य के कारण दुखी हुई तो नारद जी उनके दुख की निवृत्ति के लिए भागवत पुराण की कथा सुनकर भक्ति महारानी को सुख प्रदान किए। वहीं दूसरी महिमा के संदर्भ में धुंधकारी के कुकर्म के कारण प्रेत योनि की प्राप्ति होने पर उनके भाई गोकर्ण द्वारा भागवत कथा सुनाकर उन्हें प्रेत योनि से मुक्ति प्रदान किए। यही भागवत पुराण की दिव्य महीमा है जो जीवों को दोनों परिस्थितियों में तारती है।

ग्राम सेल के प्रतिष्ठित साहू परिवार लोचन प्रसाद साहू एवं यशवंत साहू द्वारा अपने पिता स्व. मोहन लाल साहू के पुण्य स्मृति में आयोजित ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण के लिए भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आग्रह किया गया है।

# निःसक्त हिमालय को मिली ट्राइसाइकिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

नगर के वार्ड नंबर 4 इंदिरा कॉलोनी में निवासरत जायसवाल परिवार के दिव्यांग पुत्र को विधायक के हाथों ट्राइसाइकिल मिली। उल्लेखनीय है कि परिवार वाले विगत 12 सालों से ट्राइसाइकिल के लिए मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण ट्राइसाइकिल नहीं मिल पा रहा थी। इधर 12 साल के लंबे संघर्ष करने के बाद ज़ब पता चला तो नगर के जन सेवक प्रशांत जायसवाल के नेतृत्व में कसडोल विधायक संदीप साहू ने गंभीरता लेते हुए तत्काल उस परिवार को एक ट्राई साइकिल मुहैया कराया और स्वयं अपने कांग्रेस संगठन के सभी साथी के साथ जाकर उनके घर में ट्राई साइकिल प्रदान की। इधर ट्राइसाइकिल मिलने से परिवार में खुशी की लहर है और परिवार ने विधायक संदीप साहू को आशीर्वाद और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ने दिव्यांग हिमालय जायसवाल के लिए उनके हर सहयोग करने के आश्वासन दिया है। इस दौरान विधायक संदीप साहू के साथ जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, युवा नेता प्रशांत जायसवाल, विमल देवांगन, चंदन साहू, योगेश बंजारे, निरेन्द क्षत्रीय, गायत्री केवट, रोहित साहू, बसंत श्रीवास, रामकिशन साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अवैध रेत-मुरुम का कारोबार जारी, 14 हाईवा पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



फाइल फोटो

सेंट्रल एनजीटी के रोक लगाने के बावजूद प्रदेश में खनिज खदानों में अवैध रूप से उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। खनिज विभाग लगातार इस अवैध कारोबार में संलिप्त गाड़ियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन इस कारोबार को रोक पाने में अब तक नाकाम रहा है। इधर खनिज माफिया के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि रोक के बावजूद खदानों में लगातार अवैध उत्खनन कराने के साथ परिवहन करा रहे हैं। रायपुर जिले में बुधवार को रेत और मुरुम से भरी 14 गाड़ियों को फिर पकड़ा गया है। सभी गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है। इस कार्रवाई के तीन दिन पहले भी विभाग ने रेत, गिट्टी व मुरुम से भरी 10 गाड़ियों को पकड़ा था।

रायपुर जिले में भी खनिजों का अवैध कारोबार बेखौफ जारी है। पिछले 6 महीनों में जिले में रेत, गिट्टी व मुरुम के अवैध परिवहन के सैकड़ों प्रकरण सामने आ चुके हैं, जिस पर खनिज विभाग ने कार्रवाई भी की है। इसके बावजूद जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध कारोबार पर नकल कसने के लिए अब विभागीय अधिकारियों को सुबह के साथ रात में भी टीम को गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जिले के खरोरा, उपरवारा, तिल्दा, अभनपुर, मंदिरहसौद क्षेत्र में विभागीय टीम ने 19 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए 14 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें से 10 गाड़ियों में रेत तथा 4 गाड़ियों में मुरुम भरा हुआ था। सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध चालान कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### दिसंबर में साढ़े आठ लाख का जुर्माना वसूला

रायपुर जिले में दिसंबर में विभाग ने कुल 37 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें रेत से भरी 18, गिट्टी की 10 एवं मुरुम से भरी 9 गाड़ियों को पकड़ा गया है। इन प्रकरणों में गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई करते हुए कुल 8 लाख 56 हजार 560 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### सौ साल पुराने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन

**रायपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर बुधवार को इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्र ने बताया कि पं सुंदरलाल शर्मा ने सन 1921-22 में रायपुर जेल से हस्तलिखित श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का संपादन और प्रकाशन किया था। इसके छह अंक निकले थे और यह भारत की प्रथम जेल पत्रिका है। अब सौ साल के बाद वैभव प्रकाशन ने इसका पुनः प्रकाशन किया और संपादन डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने किया है। जेल पत्रिका के माध्यम से पं. शर्मा ने सामाजिक जागृति लाने का कार्य किया था। पत्रिका के माध्यम से अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद की गई थी। इसमें सेनानी भगवती प्रसाद मिश्र से संवाद और एक कविता भी है। सौ साल पहले रायपुर जेल कैसा था इसकी जानकारी भी पत्रिका से मिलती है। छत्तीसगढ़ साहित्य के महासचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने इस ऐतिहासिक और दुर्लभ अंक के पुनः प्रकाशन के लिए डॉ. मिश्र को शुभकामनाएं दी है।

## धरसींवा ब्लाक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर

# चार सौ का बीपी-शुगर, ढाई सौ की टीबी जांच, आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




केंद्र सरकार की योजनाओं की उपलब्धि के बारे में जानकारी देने निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले शिविर में लोगों को स्वास्थ के साथ योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। बुधवार को धरसींवा ब्लाक में शिविर के दौरान चार सौ लोगों के बीपी-शुगर, ढाई सौ की टीबी बलगम जांच की गई। इसके साथ 32 लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाकर भी दिया गया।

संकल्प यात्रा के साथ स्वास्थ्य अमले ने बुधवार को धरसींवा ब्लाक के ग्राम पंचायत पारसतराई, बरतनारा, धरसींवा तथा तिवरैया में शिविर का आयोजन किया। इस दौरान वहां पहुंचने वाले ग्रामीणों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक सलाह दी गई। इस दौरान दो टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि शिविर के दौरान एनसीडी, टीबी, सिकलसेल और एनीमिया की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इसके माध्यम से छूटे लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जिला स्तर पर पूरे प्रदेश में संचालित इस योजना के माध्यम से पूरे प्रदेश में एनसीडी के साथ अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जानकारी एकत्रित होगी, जिससे उसके उन्मूलन अभियान में काफी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य शिविर के साथ वहां शासन की अन्य योजना से संबंधित शिकायतें लेकर उस पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को रिझाने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

पेज 7 के शेष...

### उपराष्ट्रपति के ...

साहू, रीना साहू, लक्ष्मी साहू ,सुमिता यादव, सावित्री रजक, मधु राय, जामिन बंझोर, हेमलता शर्मा, ममता साहू, मंजू निर्मलकर, रोशन दत्ता, डॉ रामवतार कश्यप, रोहित साहू, गोलू कोसले, शेखर पटेल, बबलू तिवारी, लव साहू, राजेन्द्र दुबे, भूपेंद्र अग्रवाल, डिहूराम साहू, राजेश राजपूत, राजकुमार चंद्राकर, सूरज पाल, अजय पटेल, विक्की चौबे आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने की...

विष्णु देव साय ने घोषणा की है कि किसानों के कुल रकबा का धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल की निर्धारित मात्रा के अनुसार खरीदने कहा गया है। लेकिन खरीदी केंद्रों में आदेश प्राप्त नहीं होने की शिकायतें मिल रही है। बढ़ी हुई मात्रा में धान की खरीदी नहीं की जा रही है साथ ही रकबा घटाकर पूर्व से भी काम मात्रा में धान खरीदा जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया है कि कलेक्टर बेमेतरा को इस संबंध में जानकारी दी गई है। कलेक्टर ने बताया है कि रकबा कम कर धान खरीदी का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। यह भी बताया कि तहसील कार्यालयों में लंबित बंटवारे के प्रकरणों का शीघ्र नहीं होने के कारण खातेदारों का धान पृथक-पृथक खरीदने की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिससे कि किसान परेशान हैं । उक्त संबंध में समस्याओं की निराकरण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से लिखित किसानों के हस्ताक्षर युक्त पत्र कलेक्टर बेमेतरा को सौंपा गया है ।

### शीतलहर से बचने ...

जावे। मौसम संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुने व पढ़े। वृद्ध एवं बच्चों का ध्यान रखें तथा उन्हें अकेला ना छोड़ें। यह भी सुनिश्चित करे, कि पावरसप्लाई आपातकाल में भी रहे। ऐसे आवास का उपयोग करे जहां तापमान सही रहता हो, आवश्यकतानुसार गर्म पानी पीते रहें। बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होने की स्थिति में फ्रीज़ में खाने के सामान को 48 घंटे से ज्यादा न रखें। शीतलहर से बचाव हेतू टोपी या मफलर का उपयोग किया जा सकता है तथा सिर व कान ढंक कर रहे। यदि कैरोसिन या कोल के हिटर का उपयोग करते हो तो गैस व धुए निकलने के लिए रोशनदान की व्यवस्था रखे । स्वास्थ्यवर्धक भोजन, गर्म व ताजा भोजन का ही सेवन करें। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव शरीर पर दिखाई दे- जैसे नाक, कान, पैर-हाथ की उंगलिया आदि लाल हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करें। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में आदि में परेशानी हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### आज विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 22 दिसंबर को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आतरगांव एवं चिखली में सुबह 9 बजे से एवं माहुद-मचांदुर व सोनसायटोला में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत कंदाली में 9 बजे से एवं हलोरा में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत मड़ीयानवाड़वी में 9 बजे से एवं सांगली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

### सांसद से हाई मास्क लाईट की मांग

**अंबागढ़ चौकी।** नगर को रौशन करने के लिए भाजपा नेताओं ने सांसद संतोष पाण्डेय से हाई मास्क लाईट लगाने की मांग की है। नगरवासियों ने शिवाजी चौक एवं भारत माता चौक में हाई मास्क लाईट लगाने का निवेदन किया है। मांग करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंघी, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पार्षद धर्मेंद्र साहू, आशीष द्विवेदी, शुभम बाजपेयी, रमेश जैन, मोहन खंडेलवाल शामिल हैं।

### रॉयल कॉलेज में सिंघल का व्याख्यान

**राजनांदगांव।** रॉयल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा समाज सेवक संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी संजीव सिंघल को नैतिक मूल्यों के लिए जागरूक करने व्याख्यान 20 दिसंबर को विश्व मानव एकजुटता दिवस पर आमंत्रित किया गया। संजीव सिंघल ने अपने व्याख्यान में मानव हिंसा एवं युद्ध इत्यादि के उन्मूलन व परमाणु निःशस्त्रीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी रोग का दुनिया में इलाज खोज लिया गया है तो विश्व में सभी नागरिकों को बिना अमीर-गरीब भेद के वह इलाज उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोरे-काले, जाति, धर्म एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अनावश्यक हिंसा करके मानव-मानव के बीच दीवार खड़ी करना गलत है। श्री सिंघल ने प्राचार्य डॉ. अनुराधा शुक्ला, प्राध्यापकगणों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

### खैरा नवापारा में मितानिन सम्मानित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में गुरुवार को मितानिन



दिवस मनाया गया। सरपंच शारदा गोरेलाल जंघेल एवं अन्य ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा आर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने मितानिन दीदियों को साड़ी, श्रीफल व उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में मोहित बजरंग, अन्नपूर्णा जंघेल, नाजरा बेगम, टाकेश्वरी जंघेल, टोकेन्द्र वर्मा, युवराज कश्यप, पुलेन्द्र जंघेल, रामखिलावन, पुष्पलता, खुशबु, त्रिलोका, भोजराम, बेदराम आदि शामिल हुए।

### धान की लिमिट बढ़ने से किसान खुश

**सड़क अतरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु हुए दो माह हो गया है। केन्द्रों बंफर धान की आवक शुरु हो गई है। इस सप्ताह धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया, सण्ड़ी, बुंदेली, विचारपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव में रिकार्ड धान की खरीदी की गई है। सभी केन्द्रों ने इस सप्ताह लगभग 10 हजार क्विंटल धान खरीदा गया है। भाजपा सरकार के आदेश पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदना गुरुवार से प्रारंभ कर दिया गया है। 21 क्विंटल धान खरीदी शुरु होने से किसानों के चेहरे पर रौनक आ गई है। जिन किसानों ने गुरुवार का टोकन ले रखा था उनसे 20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। कल शुक्रवार से किसान 21 क्विंटल धान बेच पाएंगे। जो किसान पहले धान बेच चुके हैं वह फिर से टोकन लेकर धान बेच सकते हैं।

### मानवता के प्रेरणास्रोत हैं घासीदास : जयश्री

**डोंगरगांव।** ब्लॉक के ग्राम माथलडबरी में सतनाम पँथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस



मौके पर सामाजिकजनों ने पारंपरिक पंथी नृत्य और स्तुति करते हुए बाबा की शोभायात्रा निकाला। जैतखाम पर श्वेत ध्वज आरोहित किया गया। समारोह में विधायक दलेश्वर साहू की धर्मपत्नी जयश्री साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने की। इस मौके पर सरपंच मयंक यदु, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, खेमचंद भारती आदि विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीमती साहू ने कहा कि छुआछूत और जात-पात के दौर में भी मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा ने मानवता को संरक्षित किया। उनके प्रयासों से ही मानव समाज एकजुट हैं। इस मौके पर दुष्यंत पटेल, लखन पटेल, सरस्वती मार्कण्डेय, विजय जांगड़े, प्रमोद साहू, शांति पटेल, भोजराज जांगड़े, सोनसाय धनकर, बरातू मंडावी, चिंतूराम पटेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### समय सीमा की बैठक में समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# रूके हुए धान बोनस का 25 को मिलेगा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शासन के निर्देशो सहित विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान कार्ड, संस्थागत प्रसव, हर घर जल, प्रमं आवास, भू अभिलेख के डिजिटाइजेशन, केसीसी, पीवीजीटी कैंप सहित सुशासन दिवस की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामों में भारत संकल्प यात्रा में अधिकाधिक लोगों को शामिल कर उन तक योजनाओं का लाभ पहुचाएं। आयुष्मान कार्ड बनवाकर आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने, राशन और आधार कार्ड को अपडेट करने सचिव के माध्यम से कार्य करने कहा। हर घर जल योजना के तहत 26 जनवरी तक जिले के कम से कम 50 ग्रामों को पूर्णतः आच्छादित करने का निर्देश कलेक्टर ने दिया वही खुले में शौच मुक्त बनने वाले ग्रामों को अभिनंदन पत्र देने का निर्णय लिया। उन्होंने भू-अभिलेखों को डिजिटल बनाने, केसीसी के लिए किसानों से आवेदन लेकर त्वरित निराकृत करने के अलावा संकल्प भारत यात्रा में संपादित कामों की डाटा एंट्री का काम तीन दिनों में पूरा करने कहा।

#### सुशासन दिवस की तैयारियों पर चर्चा



#### सुशासन दिवस पर धान बोनस प्रमाण पत्र होगा वितरित

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस की आवश्यक तैयारी के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करके ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया जाए और पुराने धान बोनस का प्रमाण पत्र वितरित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी पंजीकृत हितग्राहियों के आवेदन को प्रक्रिया में लाकर जल्द से जल्द लाभ पहुंचाने और आवास प्लस योजना के तहत ग्रामों में दस्तावेज संग्रह कार्य पूरा करने कहा।

#### जनजाति बसाहट वाले 44 ग्रामों में आज से लगेगा कैंप

कलेक्टर ने बैठक में विशेष कमजोर जनजाति कैंप का आयोजन 22 दिसंबर से शुरू करने कहा। कैम्प में छुईखदान ब्लाक में निवासरत 44 ग्रामों के बैगा जनजातियों के लिए उपलब्ध सभी योजनाओं का सर्वे करके योजना निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने 2005 से पहले कब्जाधारित बैगाओं को शत प्रतिशत भूमि पट्टा प्रक्रिया पूरा करने भी कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, डॉ. नेहा कपूर, संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम रेणुका रात्रे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## साइंस कॉलेज में मनाया मानव अधिकार दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में 10 दिसंबर को राजनीति विज्ञान व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने शुभकामनाएं देते कहा कि 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानव अधिकारों की घोषणा की। जिसमें जीवन जीने का अधिकार स्वतंत्रता, शिक्षा, समानता, धर्म की स्वतंत्रता, संघ बनाने, सूचना पाने तथा राष्ट्रीयता का अधिकार प्रमुख अधिकार स्वीकार किए गए। मनुष्य के जीवन स्वतंत्रता समानता के अधिकार ही मानव अधिकार है तथा ये अधिकार के हकदार सभी मनुष्य हैं। मानव अधिकार से तात्पर्य उन परिस्थितयों एवं पर्यावरण से है, जो मानव के व्यक्तित्व के विकास के लिए अनिवार्य है। तत्पश्चात डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि अपने अधिकारों के लिए नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए, ताकि अपने अधिकारों को जान सके और आवश्यकता होने पर आवाज उठा सकें।

थानेश्वरी देशमुख ने बताया कि मानव अधिकार वे अधिकार हैं, जो सभी व्यक्ति को अपने धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, संस्कृति सभी के बंधनों मुक्त करता है। व्यक्ति की सुख-शान्ति, सुरक्षा व प्रतिष्ठा का अधिकार ही मानव अधिकार है। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्टेट स्कूल ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** डॉ. जेबी सिरियल फुटबॉल टूर्नामेंट रॉयल किड्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें स्टेट स्कूल की बालिकाओं ने भाग लिया। फाईनल मैच के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं स्टेट स्कूल के मध्य मैच खेला गया। जिसमें गरिमा एवं दिपाली द्वारा एक-एक गोल किया गया। इस प्रकार 2-0 से फाईनल का खिताब स्टेट स्कूल ने अपने नाम किया। गोल कीपर निहारिका एवं प्राची नीलिमा, नेमिका, सोनल, पल्लवी, दीपशिखा, सोनम का शानदार प्रदर्शन रहा। उक्त जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक सुनील नागदौने द्वारा दी गई।

## खेल प्रतियोगिता में सहभागी बने बच्चे



- संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक शाला ठाकुरटोला में किया गया। स्पर्धा में माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला गर्रा, भंडारपुर, प्राथमिक शाला जुझारा, पटपर, झुमरकोन्हा, जीराटोला, गहिराटोला, चंपाटोला, पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुर टोला के बच्चों ने भाग लिया। खेल का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर संकुल प्रभारी प्रतिनिधि श्री नायक, संकुल समन्वयक रामभरोसा मरावी, रेखलाल मरकाम ने किया। इस मौके पर बच्चों ने खो खो, कबड्डी, रिले रेस, आलू दौड, सुई धागा दौड़, जलेबी दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम में संकुल समन्वयक भदेरा राजूदास मानिकपुरी शामिल हुए। इस दौरान रेखालाल मरकाम, बसंत यादव, दयालदास जंघेल, राजकुमार मसखरे, भुवाल यादव, संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, डोमन साहू, मनीष रामटेके, शिवेंद्र राजपूत, विजय कमरिया, दीनदयाल शोरी, सीमादेवी पुलस्त्य, चंद्रमुखी पुलस्त्य, उर्वशी चंद्रवंशी, पूनम मानिकपुरी, अनिता ठाकुर, विद्या चंद्राकर, जनता धुर्वे, डोमेंद्र ठाकुर, मनोज साहू आदि शामिल हुए। अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### चलित थाना लगा कर किया समस्याओं का निराकरण

**खैरागढ़।** ग्राम कटंगी में पुलिस ने चलित थाना लगा कर प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया। इस मौके पर बडी संख्या में ग्रामीण एवं पुलिस जवानों की उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खैरागढ लालचंद मोहले के निर्देशन मे एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व मे 20दिसंबर को थाना खैरागढ़ द्वारा ग्राम कटंगी खुर्द में चलित थाना लगाकर थाना खैरागढ़ को प्राप्त जातिवाद की गंभीर शिकायत का निराकरण किया गया।

थाना प्रभारी राजेश देवदास चलित थाना के दौरान ग्राम कटंगी खुर्द उपस्थित होकर ग्रामिणो से चर्चा किया और समस्याओ को सूना और निराकरण किया, साथ ही ऑन लॉन ठगी से बचने की जानकारी देते हुए सायबर अपराध एवं महिला संबंधित अपराध एवं अभिव्यक्ति एप एवं सुविधा एप की जानकारी दिया गया।

जिससे गांव वालो ने थाा प्रभारी को धन्यवाद करते हुए भविष्य में सभी मिलजुल कर रहने एवं आसपास के गांव में भी इसकी जानकारी की बात कही गयी है। और सभी ग्रामिण उत्साहित दिखे

## कुकुरमुड़ा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत, पट्टाधारी की मौत बाद विवाद

### पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के कुकुरमुड़ा में शासकीय कार्य के लिए आरक्षित जमीन की जुताई से नाराज सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की है। सरपंच लक्ष्मी वर्मा, उपसरपंच जगदीश पाल, गौतम वर्मा, रमेश पाल, रामेश्वर वर्मा, राजेश वर्मा, साहस निषाद सहित पचास से उपर ग्रामीणों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा को बताया कि बीस साल पहले हरेली सहेली योजना तहत पंचायत द्वारा केजा बाई पिता मनबोध गोड़ को पेड़ लगाने खसरा नंबर 516/1 मे लगभग ढाई एकड़ शासकीय जमीन पट्टे में आबंटित किया गया था। 2016 मे उसकी फौत के बाद वैध वारिसान नही होने की स्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा सर्वसम्मति से उक्त जमीन को भविष्य में शासकीय कार्यों में उपयोग के लिए आरक्षित भूमि घोषित किया गया है, लेकिन खपरी निवासी मंगल पिता शाखाराम नेताम द्वारा उक्त जमीन में



ट्रैक्टर से फसल बोने जुताई कर रहा था जिसे रोकने समझाने पर वो गाली गलौच पर उतारू हो गया और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ बुजुर्गों से भी अभद्र व्यवहार करने लगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस का प्रत्याशी होने के कारण मंगल नेताम राजनैतिक रसूख के बल पर उन्हें दबाने और ग्राम विकास के लिए सात साल पहले आरक्षित जमीन को जबर्दस्ती हथियाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मामले में कारवाई कर आरक्षित जमीन पर हो रहे बलपूर्वक अतिक्रमण को रोकने की मांग की है।

## चिखलदाह में श्रीमद्भागवत कथा, उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के चिखलदाह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे है। बद्रीविशाल सिंह सहित बीबीसी परिवार द्वारा माता की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ मे कथा के दौरान आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि मानव का दुर्लभ जीवन बड़े सौभाग्य से मिलता है और इसी जीवन में ही परम तत्व की सुलभ ढंग से प्राप्ति हो सकती है।

भागवत कथा का आनंद भी मानव रूप में व्यक्ति ले सकता है अन्य योनियों के जीवों को यह सुख नही मिलता क्योंकि मानव मृत्यु लोक मे भी सांसारिक सुख साधनों का उपभोग करते हुए दान, पूजा अर्चना, जप तप, भजन कीर्तन करने सक्षम है और इसी सेवा दान, भजन से परलोक में काम आने वाला पुण्य भी कमा लेता है और इसी पुण्य फल से परलोक से सुख भोंगकर परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है।







### उल्लंघनः बस का कटा चालान

**खैरागढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर बस में यात्रियों को बिठाने और उतारने के मामले में पुलिस ने बस का चालान काटकर कार्रवाई की है। एसपी अंकिता शर्मा द्वारा लगातार जिले के यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर एवं एक्शन मूड में नजर आई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते कार्रवाई किया है। एसपी के निर्देश पर थाना खैरागढ़ पुलिस ने 19 दिसंबर को मनीष ट्रांसपोर्ट बस के चालक द्वारा मनमानी करते अपनी मनमर्जी के मुताबिक अनाधिकृत जगह पर बस खड़ी कर यात्रियों को भरने एवं उतारने का काम कर रहा था। जिससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम जैसी और असुविधाएं स्थिति उत्पन्न हो जाती रही है। जिससे आम लोगों में समस्याओं को दृष्टिगत रखते जिले की पुलिस कप्तान अंकित शर्मा ने स्वयं पहुंचकर मौके का जायजा लिया।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के लिए रितेश्वरी का चयन

**गुरूर।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया की कक्षा 11वीं की छात्रा रितेश्वरी पिता शिवराम का चयन राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद के लिए हुआ है। इसका अयोजन राष्ट्रीय खेल मंत्रालय भारत शासन द्वारा 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चंद्रपुर महाराष्ट्र में होगा। रितेश्वरी के कोच प्रमोद सिन्हा ने बताया रितेश्वरी लंबी कूद में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। इस सफलता के लिए प्राचार्य केडी. पुराइन, व्यख्याता डीआर. मंडावी, नीतेश्वरी पौषर्य, चित्रलेखा सिंह, एसके. चेलक, हिमांशु हिरवानी, डीके. साहू, हेमंत हिरवानी, अश्वन सूर्यवंशी, हेमलाल ठाकुर, पीटीआईं प्रमोद सिन्हा, पूर्णोत्तम साहू सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारद सहित समस्त सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### भय-भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा छत्तीसगढ़ : साहू

**डौंडीलोहारा।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री धनेश साहू ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में महिलाओं व नाबालिग बच्चियों पर अनेकों अनाचार की वारदातें हुईं। कानून नाम की कोई चीज नहीं थी। नेताओं की शह पर आरोपी खुलेआम घूमते व वारदातों को अंजाम देते नजर आए, परंतु उन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद थे और प्रदेश की आमजनता खासतौर पर महिलाओं में भय का माहौल व्याप्त था। वे अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही थीं। जिसके चलते प्रदेश की महिलाओं व आम जनता ने कमरकस ली और इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को फिर से बहुमत के साथ सत्ता की बागडोर सौंप दी। भाजपा के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब प्रदेश की महिलाएं अपने आप को सुरक्षित व भयमुक्त महसूस करेंगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले प्रदेश के 23 नगरीय निकायों को नोटिस जारी होने पर जनता के प्रति जवाबदारी और प्रशासनिक कसावट करार देते हुए प्रशंसा की है।



**तैयारी :** गांवों में बनाए गए अटल चौक की मरम्मत व रंगरोगन का कार्य जारी

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी 25 दिसम्बर को जिले में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के गांवों में स्थापित अटल चौक को फिर से संवारने की कवायद शुरू हो गई है। बीते पांच सालों में प्रशासन ने इन अटल चौक की सुध नहीं ली थी, जिसका नतीजा वर्तमान में अटल चौक जर्जर हालत में है, कई अटल चौक खंडहर में तब्दील हो चुके हैं, तो कई गांव के अटल चौक शराब पीने का अड्डा भी बन गए थे, जिन्हें सुधारने अब ग्राम पंचायतों द्वारा रंग रोगन व मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

कांग्रेस की सरकार थी, जो गोबर खरीदी, गोठान, रीपा, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी जैसे प्रमुख योजनाओं को लेकर चल रही थी। इसलिए पूरे पांच साल तक अटल चौक की सुध ले लेने वाला कोई नहीं था। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही अटल चौक को सजाने का कार्य फिर शुरू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ इसकी मरम्मत कराने और रंगरोगन कर बकायदा फोटो खींचकर प्रशासन को शेयर करने का आदेश ग्राम पंचायतों को दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण शुरू किया गया था। इसके बाद लगातार पांच साल चरणबद्ध रूप से अटल चौक का निर्माण जारी रहा।

### कई जगह हुआ रंग-रोगन, कुछ जगहों पर अभी भी वही स्थिति

विभिन्न स्थानों के अटल चौक दुरूस्त करने के अलावा रंगरोगन करने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है। भाजपा सरकार द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है और उस दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रशासन का फरमान है कि 25 दिसंबर से पहले सभी पंचायत सचिव इसकी फोटो सहित रिपोर्ट देंगे कि अटल चौकों का रंग रोगन व जीणोद्धार कर दिया गया। कई गांवों में यह काम पूर्ण हो चुका है तो कई गांवों में अटल चौक की मरम्मत व रंग रोगन नहीं हुई है।



### जिले में 437 ग्राम पंचायत, 334 में बने अटल चौक करीब 210 का हुआ जीर्णोद्धार

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 437 ग्राम पंचायत हैं, जिनमें 334 ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण हुआ है। देखरेख के अभाव में ये अटल चौक जर्जर हो चुका था। कई अटल चौक में दरार पड़ गया था, तो कई अटल चौक के आसपास गंदगी फैला हुआ था। भाजपा सरकार आते ही 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाने के लिए इन अटल चौक की सुध ली गई और इन्हें फिर से संवारने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में लगभग 210 अटल चौक का रंगरोगन, मरम्मत कार्य सहित जीर्णोद्धार किया जा चुका है, जबकि अभी अन्य अटल चौक में कार्य जारी है।



# सहकारी समिति के 11 अध्यक्षों की छिनी कुर्सी

## नई नियुक्ति या चुनाव तक प्राधिकृत अधिकारी संभालेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

प्रदेश में सरकार बदलते ही मनोनीत सदस्यों पर गाज गिरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सहकारी संस्थाओं के उप पंजीयक ने आदेश निकाल कर नवागढ़ शाखा अंतर्गत सभी 11 सेवा सहकारी समितियों के मनोनीत अध्यक्षों को पद से हटा दिया है। अब जब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती तक तक, उनकी जगह प्रशासनिक अधिकारी प्राधिकृत रूप में काम करेंगे।

**इनकी गई कुर्सी-** नवागढ़ शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नवागढ़ में अशोक साहू, मुरता में युवराज वर्मा, बोरतरा में रज्जू यादव, रनबोड में सीताराम अनंत, प्रतापपुर में राजकुमार साहू, झाल में गौकरण साहू, मजगांव में लालाराम चंद्रवंशी, छिरहा में उजागर सिंह भुवाल, नेवशाके भुवन, हटहाडाडू में द्वारिका सोनवानी एवं अंधियारखोर में बलभद्र ठाकुर को उप पंजीयक ने 15 दिसम्बर को आदेश जारी कर पदमुक्त कर दिया है।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी-** वहीं प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नवागढ़ शाखा प्रबंधक आर. शर्मा नवागढ़, मुरता, झाल, बोरतरा के प्रभार पर रहेंगे। वहीं सहकारी निरीक्षक वर्षा पटवर्धन रनबोड व प्रतापपुर में प्राधिकृत बनाई गई है। मजगांव व छिरहा में सहकारी निरीक्षक महेन्द्र टेकाम को प्रधिकृत किया गया है। नेवशा व हटहाडाडू में राजेश प्रकाश मसीह अंकेक्षण अधिकारी को प्रधिकृत अधिकारी बनाया गया है। अंधियारखोर में सहकारिता निरीक्षक पल्लवी मेश्राम प्रधिकृत रहेंगी।

**लोस चुनाव के बाद नियुक्ति के आसार-** सहकारिता के जानकारी के मुताबिक फिलहाल प्रशासनिक अमला लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। जिसके चलते इन सोसाइटी में नए अध्यक्षों की नियुक्ति या चुनाव प्रक्रिया फिलहाल हो पाना संभव दिखाई नहीं पड़ रहा है। इस लिहाज से अंदाजा लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद ही सोसाइटी में अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। तब तक पूरी जिम्मेदारी प्राधिकृत अधिकारी ही संभालेंगे।

# पिपरिया स्कूल में लगा बालमेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया में बाल मेला का आयोजन हुआ। प्रतिवर्ष गांव में जिस दिन खरगोश तिहार मनाया जाता है, उसी दिन स्कूल में भी सभी गांववाले, शिक्षक, पालक एवं बालक मिलकर बालमेला का आयोजन करते हैं।

बाल मेला में बच्चों द्वारा बहुत से स्टाल लगाया था। जिसमें खाने-पीने के समान, फल-फूल, मनोरंजन, खेल गतिविधि एवं शैक्षणिक गतिविधि का लगा था। उसके बाद बच्चों का छोटे-छोटे खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पिपरिया ग्राम के सभी माताएं, बहने एवं पालकगण शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत पिपरिया युवराज साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उत्तम साहू एवं श्रीमती टिकेश्वरी साहू रहे। विशिष्ट अतिथि संकुल प्रभारी कमलेश गायकवाड, राजेश जायसवाल, संकुल समन्वयक केहका रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उसके पश्चात बच्चों का स्टाल लगा था। बच्चों का खेल हुआ और फिर बाल मेला में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोगेंद्र वर्मा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पिपरिया के द्वारा किया गया। वर्मा जी द्वारा बताया गया की बाल मेला के क्या फायदे हैं, बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे हो? पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधि के माध्यम से अपने स्कूल में बच्चों का कैसे शिक्षा प्रदान किया जाता है। बाल मेला में जोहन साहू, धनेश्वर साहू, ईश्वर साहू, कमलेश साहू, श्रीमती मंजू साहू एवं गुलाप साहू, सचिव नीलकमल साहू अन्य समिति के सदस्य उपस्थित हुए और अंत जिन बच्चों में सबसे ज्यादा बिक्री हुई उन्हें सम्मानित किया गया।

### आओ भजें जय सतनाम कार्यक्रम में कलाकारों ने दी गीत-नृत्य की प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आओ भजें जय सतनाम का आयोजन किया गया। डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन एवं कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति तथा टीकाराम सारथी हंसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चमेली साहू व राजगीत युगेश्वरी साहू द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन ने बताया कि गुरू घासीदास ने सबको एक मानते हुए मनखे मनखे एक समान का नारा दिया। कार्यक्रम को संगठन मंत्री महेत्तर लाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ने भी संबोधित किया।

# कराते बेल्ट पाने 120 खिलाड़ियों ने दिलाई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिको काई शीतो रियो कराटे इंटरनेशनल ने स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बिलासपुर, मुंगेली और बलौदाबाजार जिले के संयुक्त तत्वावधान में जिला कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष विजय तिवारी, जिला बेमेतरा कराटे संघ के सचिव छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के मनोनीत सदस्य सेनसाई अजय वर्मा के मार्गदर्शन में सफलपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मृत्युंजय शर्मा, उपेंद्र सेंगर, कमल वर्मा, सुरेश वैष्णव, रामदयाल पटेल सहित कस्तूरबा हॉस्टल अधीक्षिका शुष्मा शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी नागेश्वर तिवारी अतिथि के रूप में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में सभी जिलों से लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें बेमेतरा जिले से लगभग 57 खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट के लिए परीक्षा दी।

कराटे बेल्ट परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक में दुर्ग जिले से छत्तीसगढ कराटे डू एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट टेक्निकल डायरेक्टर बी. ब्रहम्या नायडू, जयंत नायडू, देवराज धनकर, मुंगेली जिला से चैतराम, बलौदाबाज़ार एवं बिलासपुर जिले के सचिव एवं सेइको काई शितोर्यू कराते बिलासपुर के मुख्य कराटे प्रशिक्षक हरीशंकर साहू, बिलासपुर कराते के सहसचिव एवं मुख्य कोच के रूप में राजेश सारथी सहित जिला कराते संघ बेमेतरा के सदस्य नेहा वर्मा, मनोज दुबे, वेद साहू, राकेश शर्मा, तुकेशवर सोनी, चिराग वर्मा, दीपांकर, साहिल, विकल्प शर्मा, शशांक शिवम राजपूत और संदीप मानिकपुरी भी उपस्थित थे।

# किरण सिंह देव के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। खुशी जाहिर करने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के सिग्नल चौक में जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर भाजपाइयों ने लोगों को मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान विजय सिन्हा, नरेन्द्र वर्मा, प्रह्लाद रजक, विजय सुखवानी, विकास तम्बोली हर्षवर्धन तिवारी, गौरव साहू, ललिता साहू, लक्ष्मी साहू, हेमलता शर्मा, आकिब मलकानी, योगेश वर्मा, रोशन दत्ता, चंद्रशेखर राजपूत, राकेश मोहन शर्मा, गोलू कोसले उपस्थित रहे।

# सुशासन दिवस पर नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतों में होंगे विविध कार्यक्रम

## शाम को कविता पाठ, विचार गोष्ठी जैसे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 25 दिसंबर को सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के दिशा-निर्देश जारी किए है। सुशासन दिवस पर गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर पी.एस.एल्मा मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत, जिले के सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तय समय पर व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। शासन से जारी आदेश में 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि जाने के साथ ही ग्राम एवं पंचायतों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक सप्ताह नियमित संचालित किए जाने के निर्देश दिये है। सुशासन दिवस 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा तथा ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। बेमेतरा जिले के सभी नगरीय निकायों 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ होगा। 25 दिसंबर को ही शाम को अटल संध्या का आयोजन किया जाना है, जिसमें कवि सम्मेलन, अटल जी की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा का आयोजन तथा पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर प्रदर्शिनी भी आयोजित की जाने कहा गया है।

# चिंगरी में श्रद्धा के साथ मनाई गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चिंगरी में गुरु घासीदास जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं जनपद के सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक बुराइयों को नष्ट करने के लिए समाज को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज हमें बाबा जी से आशीर्वाद लेते हुए उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसपर पर टिकेश्वरी लाल देशमुख को समाज की ओर से समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक दिलीप देशलहरे, फिरंगी यादव, कमल देशलहरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।






### अतिक्रमण हटाने दल गठित

**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित शहर के व्यस्तम मार्गों में अधिकतर दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के बाहर सामान रखने तथा दुकान संचालन करते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है। उक्त क्षेत्र से दुकानों के अतिक्रमण हटाने एवं जब्ती की कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त मोबिन अली ने टीम का गठन किया है। टीम के प्रभारी अधिकारी राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को बनाया गया है एवं प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम तथा अन्य कर्मियों को सहायक का दायित्व सौंपा गया है। गठित टीम शहर के व्यस्तम मार्गों के दुकानदारों को अपना सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस देंगे। अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। टीम के सदस्य आज पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्ग गुडाखू लाइन में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने की अपील की।




